माँ का दरबार है मैया का दरबार है

मैया का दरबार है,

मैया के दर्शन को मन मेरा बेकरार है,
माँ का दरबार है माँ का दरबार है,
मैया है सब कुछ है मैया ही संसार है,
मैया का दरबार है ये सच्चा दरबार है,

मैया तो करती है भक्तो की रखवाली,
दुष्टों का संहार करे मेरी मैया शेरा वाली,
आओ ध्यान करे गुणगान करे,
नवराते का त्योहार है,
मैया का दरबार है ये सच्चा दरबार है,

होती नहीं माँ जग में फिर बोलो क्या होता,
माँ के बिना इस जग में कोई काम न पूरण होता,
हर काज को पूरण करे,
भक्तों को आशिर्बाद है,
मैया का दरबार है ये सच्चा दरबार है,

मैया के दर्शन को मन मेरा बेकरार है,
माँ का दरबार है माँ का दरबार है,
मैया है सब कुछ है मैया ही संसार है,

मैया का दरबार है ये सच्चा दरबार है,

स्वर :- भजन गायक कृष्णा पंत
गीतकार :- भजन गायक कृष्णा पंत
म्यूजिक निर्देशन :- जुगेश शाक्य जी

Source:
https://www.bharattemples.com/maa-ka-darbar-hai-maiya-ka-darbar-hai-maaiya-ke-darshan-ko-man-mera-bekrar-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw